# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Open Counseling

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 27-10-2022**

# स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों के लिए ओपन काउंसलिंग 31 अक्टूबर को

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।

विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के नोडल ऑफिसर डॉ. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्टूबर को तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 03 नवंबर को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शिडयूल के अनुसार विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि संबंधित पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी परीक्षा न देने वाले व न्यूनतम पात्रता रखने वाले नए अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग का शिडयूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवजों के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 27-10-2022**

# विवि में दाखिले का एक और अवसर

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंविवि) में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसिलिंग का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के नोडल ऑफिसर डॉ. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर, इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन काउंसिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। स्नातक, इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्तूबर को तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 3 नवंबर को ओपन काउंसिलिंग का आयोजन होगा। ओपन काउंसिलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शेड्यूल के अनुसार विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है।

संबंधित पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी परीक्षा न देने वाले, न्यूनतम पात्रता रखने वाले नए अभ्यर्थी भी ओपन काउंसिलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। साथ ही सीयूईटी परीक्षा देने वाले, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए पंजीकरण न करने वाले अभ्यर्थी भी ओपन काउंसिलिंग में प्रतिभागिता कर सकते हैं किंतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। संवाद

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 27-10-2022**

एजुकेशन • हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले का एक और अवसर

## स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों के लिए ओपन काउंसलिंग 31 को

▪ स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए 3 नवम्बर को होगी ओपन काउंसलिंग

भास्कर न्यूज | महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के नोडल ऑफिसर डॉ. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्टूबर को तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 03 नवंबर को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शेड्यूल के अनुसार विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि संबंधित पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी परीक्षा न देने वाले व न्यूनतम पात्रता रखने वाले नए अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। साथ ही सीयूईटी परीक्षा देने वाले व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में प्रतिभागिता कर सकते हैं, किंतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग का शैड्यूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 27-10-2022**

# स्नातक-स्नातकोत्तर के लिए ओपन काउंसलिंग 31 को

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।



हकेंवि ●

विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के नोडल आफिसर डा. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्टूबर को और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए तीन नवंबर को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। ओपन काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शेड्यूल के अनुसार विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि संबंधित पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी परीक्षा न देने वाले और न्यूनतम पात्रता रखने वाले नए अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। साथ ही सीयूईटी परीक्षा देने वाले व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए पंजीकरण न करने वाले अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में प्रतिभागिता कर सकते हैं, लेकिन हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डा. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग का शेड्यूल, रिक्त सीटों का विवरण और अन्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवजों के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना होगा।

# हरियाणा केंद्रीय विवि में दाखिले का एक ओर अवसर

■ स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों के लिए ओपन काउंसलिंग 31 अक्टूबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के नोडल ऑफिसर डॉ. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्टूबर को तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए तीन नवंबर को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शैडयूल के अनुसार विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि संबंधित पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी परीक्षा न देने वाले व न्यूनतम पात्रता रखने वाले नए अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। साथ ही सीयूईटी परीक्षा देने वाले व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए पंजीकरण न करने वाले अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में प्रतिभागिता कर सकते हैं किंतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग का शिडयूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवजों के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 27-10-2022**

## हरियाणा केंविवि में दाखिले का एक और अवसर

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्टूबर को तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए तीन नवंबर को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 27-10-2022**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले का एक और अवसर

महेंद्रगढ़, 26 अक्तूबर (मोहन, परमजीत): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काऊंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है।



*कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार।*

विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सी.यू.ई.टी.) 2022 के नोडल ऑफिसर डॉ. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन काऊंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्तूबर को तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 3 नवम्बर को ओपन काऊंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है।

डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काऊंसलिंग का शैड्यूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वैबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तावेजों के साथ ओपन काऊंसलिंग के लिए आना है।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Rashtriya Khabar** **Date: 27-10-2022**

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले का एक और अवसर

सुरेश पंचोली




**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेन्द्रगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए जारी दाखिले की प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में रिक्त सीटों के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने आवेदकों का दाखिले के लिए स्वागत करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि विश्वविद्यालय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयासरत है। विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालयीन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) 2022 के नोडल ऑफिसर डॉ. फूल सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों में दाखिले के लिए ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्नातक व इंटीग्रेटेड कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 31 अक्टूबर को तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए 03 नवंबर को ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ओपन काउंसलिंग के लिए विद्यार्थियों को दिए गए शिडयूल के अनुसार विश्वविद्यालय के संबंधित विभाग में उपस्थित होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि संबंधित पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी परीक्षा न देने वाले व न्यूनतम पात्रता रखने वाले नए अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में हिस्सा ले सकते हैं। साथ ही सीयूईटी परीक्षा देने वाले व हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के लिए पंजीकरण न करने वाले अभ्यर्थी भी ओपन काउंसलिंग में प्रतिभागिता कर सकते हैं किंतु हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दाखिले के लिए पंजीकरण करने वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. फूल सिंह ने बताया कि ओपन काउंसलिंग का शिडयूल, रिक्त सीटों का विवरण व अन्य विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। विद्यार्थियों को अपने मूल दस्तोवजों के साथ ओपन काउंसलिंग के लिए आना है।